






## इच्छापुर की पहाड़ी पर पलाश के बीजों का बीजारोपण



**नवभारत न्यूज,**
**इच्छपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से ग्राम इच्छापुर स्थित माँ इच्छादेवी पहाड़ी पर 25 हजार पलाश के बीजों का वृहद बीजारोपण अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान आदरणीय डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर तहसीलदार श्री जितेंद्र अलावा,विजय सोलंकी, डीपीसी श्री विजय तुलस्कर, गायत्री परिवार के पर्यावरण मित्र संजय राठौड़, पटवारी राजेंद्र पाटिल, सुधीर गुप्ता, विजय पाटिल, रविन्द्र कापसे, विजय गावंडे इच्छापुर के ग्रामवासी तथा सूर्यपंज एजुकेशनल एकेडमी, शाहपुर के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार ने कहा कि आज विद्यार्थियों के साथ माँ इच्छादेवी पहाड़ी पर पलाश के बीजों का बीजारोपण कर प्रकृति को हरित चुनर ओढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों को पलाश के वृक्षों के पर्यावरणीय एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी सुरक्षा का संदेश दिया।

डीपीसी विजय तुलस्कर ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण,जैव विविधता संवर्धन तथा हरित भविष्य के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि आज का एक बीज आने वाले वर्षों में हजारों लोगों को छाया, शुद्ध वायु और प्रकृति का अमूल्य उपहार देगा।

गायत्री परिवार के संजय राठौड़ ने बताया कि वृक्ष गंगा अभियान के अंतर्गत ग्राम लिमपड़ाव की पहाड़ी पर भी बड़े स्तर पर पलाश के बीजों का बीजारोपण किया जाएगा। उन्होंने सभी नागरिकों से इस जनभागीदारी अभियान से जुड़कर धरती को हरा.भरा बनाने का आह्वान किया।

## आंधी से बर्बाद फसल का नहीं मिला मुआवजा, किसानों पहुंचे जनसुनवाई में



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। सबसे प्रमुख मामला करीब 50 दिन पहले आए आंधी.तूफान से प्रभावित केला किसानों का रहा। किसानों ने आरोप लगाया कि फसल नुकसान का सर्वे होने और आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक मुआवजे की राशि उनके खातों में नहीं पहुंची है। इसके अलावा चोरी, स्कूल से ट्रांसफर सर्टिफिकेट ;टीसी नहीं मिलने, प्रस्तावित डैम निर्माण और सड़क सहित अन्य समस्याओं को लेकर भी शिकायतें दर्ज कराई गईं।

किसान सुनील महाजन, गोपाल महाजन, संजय महाजन सहित अन्य किसानों ने बताया कि करीब 50 दिन पहले आए आंधी-तूफान से जिले में हजारों किसानों की करोड़ों रुपये मूल्य की केला फसल बर्बाद हो गई थी। प्रशासन ने नुकसान का सर्वे भी कराया और जनप्रतिनिधियों ने जल्द मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया था,लेकिन आज तक राहत राशि किसानों के खातों में नहीं पहुंची। किसानों ने कहा कि वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और प्रशासन जल्द मुआवजा जारी करे।

**घर का ताला तोड़कर सामान ले जाने की शिकायत:**– लोहार मंडी निवासी जमीला बी ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया कि डेढ़ महीने पहले वह अपनी बेटी के घर इंदौर गई थीं। लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और अलमारीए पेटीए पलंगए पंखा सहित अन्य सामान गायब था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नंदोई और उनके बेटे ने घर का ताला तोड़कर सामान ले लिया। गणपति नाका थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 181 पर शिकायत करने के बाद पुलिस ने उनका मोबाइल लेकर शिकायत बंद करवा दी।

**दो वर्ष से टीसी के लिए भटक रही छात्रा:**– जनसुनवाई में एक निजी स्कूल के खिलाफ भी शिकायत की गई। छात्रा शीतल करोसिया ने आरोप लगाया कि स्कूल प्रबंधन पिछले दो वर्षों से ट्रांसफर सर्टिफिकेट ;टीसी नहीं दे रहा है। इसके कारण वह छठी कक्षा के बाद किसी अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं ले सकी। छात्रा की मां पार्वती करोसिया ने बताया कि वे तीन साल से टीसी के लिए चक्कर लगा रही हैंए लेकिन स्कूल संचालक लगातार टालमटोल कर रहे हैं।

**प्रस्तावित डैम का किसानों ने किया विरोध:**–खापरखेड़ा.बोरसल के बीच कोलभान नदी पर प्रस्तावित डैम निर्माण का विरोध करते हुए बड़ी संख्या में किसान जनसुनवाई में पहुंचे। किसान लक्ष्मणा बलीराम चौधरी ने कहा कि उनकी जमीन उपजाऊ कृषि भूमि है, बंजर नहीं। यदि डैम बना तो किसानों को भारी नुकसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले से कई तालाब मौजूद हैंए इसलिए नए डैम की आवश्यकता नहीं है। सरपंच अंतर सिंह ने भी लिखित में बताया कि पंचायत ने इस संबंध में कोई प्रस्ताव पारित नहीं किया है।

**सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन:**– लोक जनशक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष शंकर पासी, शौकत अली और शकील खान ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने केला उत्पादक किसानों को तत्काल मुआवजा देने, खाद वितरण की ई.टोकन व्यवस्था समाप्त करने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, पावरलूम बुनकरों को केंद्र सरकार की बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने आदि का ज्ञापन सौंपा।

## कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था और कार्यों का किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने मंगलवार को जिले में मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, नगर निगम द्वारा निर्मित की जा रही पुनर्वास दुकानों, शनवारा से गणपति नाका तक सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा दस्तक अभियान के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से हुईए जहां कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने विद्यालय परिसर,सभागार एवं विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालय की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम द्वारा निर्मित की जा रही पुनर्वास दुकानों का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली एवं कार्य को निर्धारित समय.सीमा में पूरा करने की बात कही।

**सड़क चौड़ीकरण कार्य में नहीं आए कोई बाधा:**–कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने शनवारा से गणपति नाका तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्य.योजना की जानकारी प्राप्त करते हुए विद्युत विभाग को मार्ग में आने वाले विद्युत पोलों को शीघ्र व्यवस्थित करने एवं आवश्यक कार्रवाई जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

**दस्तक अभियान की जमीनी हकीकत परखी:**–दस्तक अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए कलेक्टर श्री सिंह गुरुनानक वार्ड क्रमांक.40 के आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचे। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक पात्र बच्चे का समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने एवं उसकी जानकारी नियमित रूप से पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा,डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार,नगर निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव सहित शिक्षाए स्वास्थ्य, नगर निगम,पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त एल्डरमैन महाजन का किया स्वागत



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री,निगम के पूर्व चेयरमैन श्री चिंतामन महाजन को प्रदेश सरकार द्वारा एल्डरमैन नियुक्त किए जाने पर कमल चौराहा स्थित वस्त्र कलेक्शन श्री राम गुरुजी जी की शॉप पर चिंतामन महाजन जा आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर श्री शरद भाई श्रॉफ, मुकेश भाई श्रॉफ, सुधीर भाई पारीक ,अमित पटेल ,होतचंद सेठ, विशाल सोनी , शिवराज आदमने ,आरिफ अंसारी, नरेश हासानंदानी,मुकेश पुर्वे आदि लोगों ने बधाई देते हुवे अपेक्षा की कि वह शहर के चहुमुखी विकास और नगर की समस्याओं के समाधान में नगर निगम में अपने दीर्घ अनुभव के माध्यम से अपना परामर्श प्रदान करेंगे ।सभी उपस्थित ने प्रार्थना की कि श्री बाबा महाकाल का आशीर्वाद आप पर सदा बना रहे ।

## एक नजर में

### कांग्रेस पार्षद का कांग्रेस नपाध्यक्ष पर भ्रष्टाचार का आरोप



**बुरहानपुर।** नेपानगर नगर पालिका में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई है। वार्ड क्रमांक.10 की कांग्रेस पार्षद रूपाली जितेंद्र सावकारे ने अपनी ही पार्टी की नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षद का कहना है कि उनकी ओर से की गई पांच से छह शिकायतों की जांच पूरी हो चुकी है,लेकिन अब तक किसी भी मामले में कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी। पार्षद सावकारे ने बताया कि 32 करोड़ रुपये की पेयजल परियोजना, एक उपयंत्री के कथित गलत नियमितीकरण और अधिक वेतन भुगतान जैसे मामलों की जांच रिपोर्ट संबंधित विभागों को मिल चुकी है। इसके बावजूद दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नेपानगर:**–उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन सीएमओ के कार्यकाल में हुई खरीदी में अनियमितताओं, ई.रिक्शा खरीदी में कथित मनमानी और फर्नीचर की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें की गई थीं। इन मामलों की जांच पूरी होने के बाद भी न तो कार्रवाई हुई और न ही जांच के निष्कर्ष सार्वजनिक किए गए।

### मेक्रो विजन एकेडमी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बुरहानपुर।** सी.बी.एस.ई. बैडमिंटन क्लस्टर 12 प्रतियोगिता में मेक्रो विज़न एकेडमी बुरहानपुर के बालक वर्ग अंडर.19 बैडमिंटन टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेलए बेहतरीन टीमवर्क एवं अटूट दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कांस्य पदक विजेताओं में श्रेय सिरिल कुजूर दृ कक्षा 12वीं, इशत उइके /कक्षा 10वीं,कृष्णा गंगेले /कक्षा 11वीं यह प्रतियोगिता मेडीकैप्स इंटरनेशनल स्कूल,इंदौर में 15 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। कोच श्री दीप श्रीवास्तव और सुश्री शिवी श्रीवास्तव ने अपने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। एकेडमी के संचालक श्री आनंद प्रकाश चौकसे और समस्त स्टाफके साथ एकेडमिक प्राचार्य श्री जसवीर सिंह परमार और खेल विभाग के प्रभारी डॉण् अरूण शर्मा ने सभी खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी ।

### बारिश से खिले ग्रामीणों के चेहरे, किसान खुश

**बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में 1 जून से अब तक 12.7 इंच बारिश दर्ज की गई है,जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में लगभग दोगुनी है। करीब 10 दिनों के अंतराल के बाद मंगलवार सुबह से जिले में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है, जिससे मौसम में बदलाव आया है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मंगलवार सुबह से ही जिले के विभिन्न हिस्सों में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश जारी है। हालांकि दोपहर तक शहरी क्षेत्रों में बहुत तेज बारिश नहीं हुई,लेकिन ग्रामीण इलाकों में अच्छी वर्षा दर्ज की गई है। नेपानगर के डाभियाखेड़ा क्षेत्र में भी मंगलवार को अच्छी बारिश हुई। आंकड़ों के अनुसारए 1 जून से अब तक जिले में कुल 323.3 मिमी ,12.7 इंच बारिश हुई है। पिछले साल इसी अवधि तक यह आंकड़ा 6.8 इंच था। जिले की औसत वार्षिक बारिश 823.6 मिमी है।

## स्थापना दिवस शिक्षा दिवस के रूप में मनाया



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास धुलकोट में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली मालवा प्रांत जिला संयोजक बुरहानपुर डॉ कृष्णा मोरे द्वारा भारतीय शिक्षा दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर अधीक्षक प्रेम निराले भी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन कर भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा की जय जयकार की गई। कार्यक्रम में जिला संयोजक डॉक्टर कृष्णा मोरे ने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति रीति रिवाज परंपरा पर गर्व करने का आह्वान किया।

शिक्षा संस्कृति और न्यास नई दिल्ली का उद्देश्य शिक्षा के पाठ्यक्रम में परिवर्तन करना था शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का लक्ष्य है कि देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलना होगा। उन्होंने बताया कि हमारे देश को इंडिया नहीं भारत कहे अभियान भी चलाया जा रहा है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास इस वर्ष अपना स्थापना दिवस भारतीय शिक्षा दिवस के रूप में मना रहा है। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के स्थापना दिवस पर भारतीय ज्ञान परम्परा और शिक्षा के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

सौराष्ट्र ज्ञान सभा राजकोट गुजरात में मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सह संयोजक और शिक्षा से आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय संयोजक श्री ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि भारतीय तिथि अनुसार जन्मोत्सव अभियान में भारतीय सांस्कृतिक चेतना का संरक्षण हमें जन्मदिन भारतीय पंचांग की तिथि के अनुसार मनाने का आग्रह किया सांस्कृतिक निरंतरता से जब विवाह, मुंडन,त्योहार और श्राद्ध आदि सभी तिथि अनुसार होते हैंए तो जन्मदिन भी तिथि अनुसार मनाना अधिक उपयुक्त है। उन्होंने वैज्ञानिक आधार पर भारतीय पंचांग सूर्य एवं चंद्रमा की खगोलीय गणनाओं पर आधारित अत्यंत वैज्ञानिक काल गणना प्रणाली है। जो कि पंचांग की प्रमाणिकता सूर्य एवं चंद्र ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं का सटीक पूर्वानुमान भारतीय पंचांग की वैज्ञानिकता का प्रमाण है। झाबुआ जिले से ऐतिहासिक शुरुआत कर छात्रों की अंकसूचियों में भारतीय जन्मतिथि अंकित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। अन्त में डॉ कृष्णा मोरे ने बताया कि 2 जुलाई 2004 को शिक्षा बचाओ के लिए जो आंदोलन का प्रारंभ हुआ।

## नवनियुक्त एल्डरमैनों का एमआईसी हॉल में किया सम्मान



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** राज्य शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर निगम बुरहानपुर के लिए मनोनीत एल्डरमैनों का नगर निगम के एमण्आईण्सीण् हॉल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर माधुरी अतुल पटेल द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया।

राज्य शासन द्वारा नगर निगम बुरहानपुर के लिए मनोनीत एल्डरमैन श्री बलराज नवानी, चिंतामण महाजन,हीरालाल बड़गुर्जर,श्रीमती उमा कपूर, शिवकुमार पासी,रुद्रेश्वर एंडोल, विपुल कानूनगो एवं श्री विजय शिवाडे को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। महापौर पटेल ने नव नियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत करते हुए कहा कि नगर के समग्र विकास, जनसेवा एवं नागरिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मनोनीत सदस्य नगर निगम के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी एल्डरमैन अपने अनुभव एवं सुझावों से नगर के विकास को नई दिशा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव, एमआईसी चेयरमैन धनराज महाजन, संभाजी सगरे, भारत इंगले, नितेश रोशन दलाल, पार्षद श्री आशीष शुक्ला, इस्माइल अंसारी,गौरव शुक्ला, हेमेन्द्र महाजन, राजेश महाजन, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा,लेखा अधिकारी श्री विक्रम पोरवाल,निगम सचिव श्री संजय शाह, जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोरे सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान : बोरगांव खुर्द, रेणुका-चिनुका देवी मंदिर परिसर में पौधारोपण



**बुरहानपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को बोरगांव खुर्द स्थित मां रेणुका देवी.चिनुका देवी एवं भैरव मंदिर परिसर में श्एक पेड़ मां के नामश् अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन रमेश सावले मित्र मंडल के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान मुकुंद पवार, रमेश सावले, राजेश बिडियारे, वकील साहब, प्रकाश सावले और मोहन मेहरा सहित अन्य लोगों ने सहभागिता करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं हैं,बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।

**एक नजर** नशे से दूरी है जरूरी हमारा है यही संकल्प नाश मुक्त हो मध्य प्रदेश के नारे से गुंजा बुरहानपुर

## पुलिस का नशा मुक्ति जागरूकता अभियान : नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 के तहत विभिन्न कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूर 2.0 अभियान पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्कूल/कॉलेज एवं शिक्षण संस्थाओं, में जागरूकता हेतु चित्रकला, निबंध,पेंटिंग, स्लोगन,रंगोली,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजना कर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन, युवाओं एवं छात्र.छात्राओं को नशे के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक एवं नैतिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। इस दौरान जिलेभर में पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, में चित्रकला,निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजना कर नशे के प्रति शपथ दिलवाई गई साथ ही ष्नशे से दूरी है जरूरीष् का संदेश जन.जन तक पहुंचाया गया। पुलिस द्वारा अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करने हेतु अपील की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम थाना प्रभारी कोतवाली एवं गठित टीम द्वारा आज 'माइक्रो विजन स्कूल' में कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ष्नशे से दूरी है जरूरीष् अभियान के तहत रेप डांस किया गया एवं नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया तथा अपने जीवन में दूर रखने एवं परिवार के सदस्यों को जागरूक करने हेतु विशेष अपील की गई।

**अभियान की प्रमुख गतिविधियां:**– थाना कोतवाली पुलिस स्टाफद्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत दानिश स्कूल दाउदपुरा में चित्रकला,निबंध, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहन चित्रकलाए रंगोलीए बनाई गई जिसमें नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई पंपलेट वितरित किए गए। थाना शिकारपुरा द्वारा अभियान के तहत श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाजनपेट मैं स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। पंपलेट वितरित किए गए। थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल लालबाग में अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा निबंध प्रतियोगिता में बढ़.चढ़ का हिस्सा लिया ।पंपलेट वितरित किया गया। थाना गणपतिनाका द्वारा अभियान ष्नशे से दूरी है जरूरी 2.0 के तहत सेंट टेरेसा हाई सेकेंडरी स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। एवं पंपलेट विपरीत किए गए।

थाना नेपानगर पुलिस द्वारा पीएम श्री सांदीपनि स्कूल में निबंध, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहक चित्रकला रंगोली बनाई गई। बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पंपलेट वितरित किए गए एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। थाना शाहपुर द्वारा बस स्टैंड शाहपुर एवं थाना परिसर में ग्राम वासियों को इकट्ठा कर नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। एवं पंपलेट विपरीत किए गए। थाना निंबोला पुलिस द्वारा अभियान के तहत ग्राम पाधार हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को अभियान के तहत जागरूक किया गया। पंपलेट विपरीत किए गए। चौकी धूलकोट मैं नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत माध्यमिक शाला ग्राम खातला में चित्रकार, निबंध, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहक चित्रकला रंगोली बनाई गई। शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए। डेड तलाई चौकी द्वारा हिंदी प्राथमिक शाला डेडतलाई में स्कूली बच्चों को अभियान के तहत नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए। थाना अजाक पुरुषार्थ स्कूल सिंधी बस्ती में छात्राओं को अभियान के तहत जागरूक किया गया। बच्चों को शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए। महिला थाना द्वारा मिलचाल लालबाग में उपस्थित जनमानस को नशे से दूरी है जरूरी 2०0 अभियान के तहत जागरूक किया गया नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया गया शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए।